पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने महात्मा गाँधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर मल्यार्पण कर नमन किया

—————————

लखनऊः 02 अक्टूबर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर नमन किया और सभी को बधाई दी। राज्यपाल जी के साथ प्रदेश के लोकनिर्माण विभाग के मंत्री श्री जितिन प्रसाद, प्रमुख सचिव राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी, विशेष सचिव श्री बद्रीनाथ सिंह, कानूनी सलाहकार न्यायमूर्ति प्रशान्त मिश्र, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी सहित राजभवन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

भारतवासियों के प्रिय और सदैव स्मरणीय बापू जी और शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर राजभवन के गाँधी सभागार में राजभवन अध्यासितों के बच्चों तथा भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सद्भाव प्रार्थना एवं वैष्णव गीत की मनमोहक सह–प्रस्तुतियाँ दी।

——————

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (197/46)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361